Subject – Sociology
Topic – Community
Study Material for – MDC, SEMESTER-I

समुदाय की अवधारणा
Concept of Community

समुदाय निर्माण के आधार

1. [स्थानीयता या निश्चित भौगोलिक क्षेत्र]
2. [सामुदायिक भावना]

1. स्थानीयता या निश्चित भौगोलिक क्षेत्र –

प्रत्येक समुदाय एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में निवास करता है। यहां तक कि, 'बंजारा' या 'भोटिया' जैसे घुमन्तू समुदायों का भी एक निश्चित यद्यपि परिवर्तनशील निवास-स्थान होता है।

एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र अर्थात् जीवन की

सामान्य परिस्थितियों के परिणामत: समुदाय के सदस्यों में साझा जीवन शैली का विकास होता है जो उनमें सामाजिक समरसता की भावना का संचार करता है। यद्यपि, आधुनिक विश्व में, संचार-सुविधाओं के विस्तार के परिणामत: संबन्धित स्थानीय बंधन ~~दुर्बल पड़ गया~~ कमजोर ~~हो गया है~~ हुआ है ~~जिसकी~~ जो मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी नगरीय विन्यासों (जैसे - विद्युत, सड़क, रेलवे आदि जैसी आधुनिक सुविधाओं के विस्तार) के रूप में दृष्टिगोचर होता है।

2. सामुदायिक भावना -

समुदाय निर्माण हेतु मात्र एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र का होना पर्याप्त नहीं है अपितु समुदाय के सदस्यों के मध्य सामुदायिक भावना अर्थात् अपनी सामान्य जीवन-शैली व सामान्य भू-भाग के प्रति जागरूकता का होना भी अत्यावश्यक है।

सदस्यों का समाजीकरण, भौतिक व मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुदाय पर उनकी निर्भरता व 'हम की भावना' अर्थात् सदस्यों द्वारा समुदाय से तादात्म्य स्थापित करने के परिणामत: सदस्यों में सामुदायिक भावना का संचार होता है।